तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

14 भाजपा का सामाजिक समरसता संकल्प अभियान...

13 दल्लीराजहरा में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ ...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

# 25 वर्षों के बाद साकार होगा मां कौशल्या धाम, गुरु पूर्णिमा पर उमड़ेगी देशभर की आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जामड़ी स्थित पाटेश्वर धाम एवं निर्माणाधीन मां कौशल्या धाम में भव्य धार्मिक आयोजन होगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं एवं शिष्यों के पहुंचने की संभावना है। धाम के संस्थापक संत राम बालक दास जी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु पूजन का पर्व नहीं है, बल्कि गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का दिवस है।

उन्होंने कहा कि गुरु के उपदेशों को जीवन में उतारना ही सच्ची गुरु दक्षिणा है। संत राम बालक दास जी ने बताया कि बचपन से ही उन्हें रामायण के प्रति विशेष लगाव था। मात्र नौ वर्ष की आयु में उन्होंने आध्यात्मिक जीवन का मार्ग अपनाया। उनकी औपचारिक शिक्षा तीसरी कक्षा तक ही हुई, लेकिन गुरुजनों के सान्निध्य और साधना ने उन्हें धर्म एवं अध्यात्म की गहन अनुभूति प्रदान की।उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में भगवान श्रीराम के लाखों मंदिर हैं, लेकिन भगवान श्रीराम को जन्म देने वाली छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या का कोई भव्य धाम नहीं था। इसी भाव ने उन्हें लगभग 25 वर्ष पूर्व मां कौशल्या धाम के निर्माण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। वर्षों की तपस्या और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह भव्य तीर्थ अब अपने अंतिम चरण में है और वर्ष 2026 में इसका निर्माण पूर्ण होने जा रहा है।

## गुरु के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची गुरु दक्षिणा : संत राम बालक दास

### भक्त एवं शिष्य भारत के लगभग 20 राज्यों में

उन्होंने बताया कि उनके भक्त एवं शिष्य भारत के लगभग 20 राज्यों में हैं। विदेशों में भक्तों की संख्या अपेक्षाकृत कम है, लेकिन वहां भी सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में लोगों की सक्रिय सहभागिता है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में प्रतिवर्ष देश के 5 से 7 राज्यों से श्रद्धालु एवं शिष्य पहुंचते हैं और इस वर्ष भी बड़ी संख्या में उनके आने की संभावना है।



### संत-महात्मा धाम में समय-समय पर पधार चुके

संत राम बालक दास जी ने बताया कि पाटेश्वर धाम में समय-समय पर देश के प्रतिष्ठित संतों एवं धर्माचार्यों का आगमन होता रहा है। यहां मलूक पीठ के राजेंद्र दास जी द्वारा सात दिवसीय रामकथा तथा जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी द्वारा सात दिवसीय आध्यात्मिक कथा एवं प्रवचन किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली से महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास, नवल किशोर दास, अयोध्या से नृत्य गोपाल दास, जगद्गुरु रामानुजाचार्य विद्या भास्कर, जगद्गुरु रामानंदाचार्य हंस देवाचार्य, बद्रीनाथ के महामंडलेश्वर बाल योगेश्वर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, रावतपुरा सरकार, पंडोखर सरकार सहित अनेक संत-महात्मा धाम में समय-समय पर पधार चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता सेनानी स्व. प्यारेलाल बेलचंदन की जयंती आज

**अण्डा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रथम विधायक एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय प्यारेलाल



बेलचंदन की जयंती के अवसर पर आज 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सेजेस दाऊ कुर्मी स्व. प्यारेलाल बेलचंदन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधी ग्राम तिरगा में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। स्व. प्यारेलाल बेलचंदन ने स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ गांधी ग्राम तिरगा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेवा दल के माध्यम से श्रमदान, ग्रामीण विकास, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके कार्य आज भी क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य दामिनी मुकेश साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में सेवा दल सदस्य गुहा राम देशमुख एवं स्व. प्यारेलाल बेलचंदन के सुपुत्र तथा किसान संगठन के पूर्व अध्यक्ष गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन, सरपंच तिरगा घसिया राम देशमुख, सरपंच झोला बंसती निषाद, सरपंच भोथली नेमीन खुटेल शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य पुष्पाराम टेके एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष युवराज देशमुख की भूमिका रहेगी।

### नशीली दवाओं के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रामपुर चौराहा चौक, अहिवारा रोड कुम्हारी के पास युवक कार सीजी 25-0516 में नशीली अल्प्राजोलम टैबलेट बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा था। कुम्हारी पुलिस को सूचना मिलने पर घेराबंदी कर कार को पकड़ा गया। कार से पुलिस ने नशीली दवा 20 पत्तीा, 1000 नग अल्प्राजोलम टैबलेट, नगदी जब्त किया है। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम केवल्य पार्क एलआईजी-31, ग्राम परसदा, थाना कुम्हारी निवासी मो. अनवर बताया है। आरोपी के पास से 1000 नग दवा कुल वजन 110 ग्राम , कीमत 4 लाख, कार 3 लाख, मोबाइल 5 हजार का बरामद किया है। उक्त सामानों की कीमत 8.5 लाख रुपए आंकी गई है।

### धारदार हथियार लहराने वाला पकड़ा गया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लहराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्लॉटर हाउस, सुपेला के पास दो युवक अपने-अपने हाथों में धारदार हथियार लेकर लोगों को धमका रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कृष्णा नगर, सुपेला निवासी एस. जोसवा राज,तेलगु पारा, सेक्टर-06 बी. डेविड को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने एक बड़ा धारदार हथियार और चापड़ जब्त किया है।

## धान बेचने के बाद भुगतान नहीं मिलने से परेशान किसानों ने विधायक से लगाई गुहा

# धान का भुगतान नहीं मिलने पर किसानों के साथ थाने पहुंचीं विधायक संगीता, व्यापारी के खिलाफ शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

न्याय पाने की आस में किसान थाना पहुंचे लेकिन थाने में कई बार चक्कर लगाने के बाद भी किसानो का रिपोर्ट दर्ज करने के जगह किसानों को बार बार घुमा दिया गया।

जिसके बाद किसानों ने विधायक संगीता सिन्हा के पास जाकर गुहार लगाई जहां किसानों की समस्या सुन विधायक स्वयं थाने पहुंची तथा किसानों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही, जहां स्वयं विधायक संगीता सिन्हा के थाना पहुंचने के दो घंटे बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। तब तक संगीता सिन्हा वही बैठी रही।

ग्राम डोटोपार, थाना सनौद, जिला बालोद निवासी प्रार्थीगण किसान रेखराम पिता बिसरू राम साहू, सतीश पिता रेख राम, हिरामन सिन्हा पिता बृजलाल, राजू राम साहू पिता चम्पेश्वर साहू, रूपचंद पिता गुहलेदराम साहू ने विधायक संगीता सिन्हा को बताया कि उनके द्वारा माह मई 2026 में रबी फसल का धान ग्राम नाहदा, थाना देवरी, जिला बालोद, हाल मुकाम धमतरी जिला धमतरी निवासी दीपक अग्रवाल उर्फ मयंक जैन के पास विक्रय किये थे। अनावेदक द्वारा राशि का भुगतान 4–5 दिनों के भीतर किये जाने का आश्वासन दिया गया किन्तु राशि का भुगतान आज दिवस तक नहीं किया गया है, जिससे किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानो ने आरोप लगाया कि कोचिया दीपक अग्रवाल उर्फ मयंक जैन के धान तौलाई में हेमाली का काम वाले बोहारा निवासी सनत पटेल पिता खोरबाहरा राम के घर आरोपी कोचिया का धान लगभग 45–50 कट्टा रखा हुआ है उक्त धान को जप्त करने की मांग किसानो ने की। किसानो ने बताया कि रेखराम पिता बिसरू राम साहू का नब्बे हजार रूपये, सतीश पिता रेख राम का पच्चपन हजार चार सौ चालिस रूपये, हिरामन सिन्हा पिता बृजलाल छब्बीस हजार रूपये, राजूराम साहू पिता चम्पेश्वर साहू पैतीस हजार नौ सौ रूपये, रूपचंद पिता गुहलेद राम साहू अड़सठ हजार सात रूपये शेष है।



### हम किसानों के साथ अन्याय नही होने देंगेः संगीता

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार में किसानो के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। ना उनके धान पूरे खरीदे जाते है और ना ही उन्हे समय पर खाद बीज उपलब्ध हो पा रहा है भाजपा सरकार में लोगो के हौसले इतने बुलंद है कि किसानो से धान खरीदने के बाद भी किसानो को भुगतान नही किया जाता और उन्हे संरक्षण दिया जाता है। कांग्रेस किसानो के हित में लगातार संघर्ष कर रही है। संगीता सिन्हा ने कहा किसानो के हित के लिए कांग्रेस सड़क की लड़ाई लड़ने को तैयार है हम किसानों के साथ अन्याय नही होने देंगे।

## एनएएफआईएस तकनीक से अपराधियों की पहचान होगी आसान, पुलिस कर्मियों को मिला फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस कार्यालय बालोद के सभागार में एक दिवसीय फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ए न ए ए फ आ ई ए स तकनीक से अब एक क्लिक में अपराधियों की पूरी जानकारी मिलेगी।

- एक क्लिक में मिलेगी अपराधियों की पहचान

कार्यशाला में फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट धर्मेंद्र कुमार भारती द्वारा जिले के समस्त थानों से आए अधिकारी, कर्मचारियों एवं कोर्ट मोहर्रिरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गिरफ्तार व्यक्तियों, संदेहियों एवं निगरानी बदमाशों के दोनों हाथों के फिंगरप्रिंट लेने की वैज्ञानिक विधि, घटनास्थल पर फिंगरप्रिंट साक्ष्य को सुरक्षित रखने एवं एकत्रित करने के आधुनिक तरीके, अज्ञात मृतकों के चर्म–पोर सुरक्षित रखने की प्रक्रिया एनएएफआईएस नेशनल ऑटोमेटिक फिंगर प्रिन्ट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन फिंगरप्रिंट मिलान की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि पूर्व में फिंगरप्रिंट का संग्रहण एवं मिलान मैनुअल तरीके से किया जाता था, जिससे समय अधिक लगता था। अब एनएएफ आईएस प्रणाली के माध्यम से फिंगरप्रिंट का ऑनलाइन संग्रहण एवं त्वरित मिलान संभव होगा, जिससे आरोपियों की पहचान शीघ्रता से की जा सकेगी। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञ द्वारा समाधान किया गया तथा क्राइम सीन पर फिंगरप्रिंट साक्ष्य को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए गए, जिससे जांच ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खुरसुनी में जर्जर हुआ अटल स्मारक मुख्य मार्ग पर हादसे का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुरसुनी में मुख्य मार्ग के बीच स्थित अटल स्मारक (चौक) की

- सड़क पर बिखरा मलबा ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम की उठाई मांग

जर्जर हालत लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है। स्मारक का निचला हिस्सा कई स्थानों से टूट चुका है और ईंटें व मलबा सड़क पर बिखर गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार स्मारक का आधार कमजोर हो गया है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो पूरा ढांचा कभी भी गिर सकता है। यह चौक मुख्य सड़क के बीच स्थित होने के कारण यहां से दिनभर दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। रात और बारिश के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई दिनों से स्मारक की यही स्थिति बनी हुई है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग या प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने सड़क पर फैले मलबे को तत्काल हटाने और स्मारक की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र गुण्डरदेही विधानसभा के अंतर्गत आता है, इ स लि ए जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र कदम उठाने चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। फिलहाल लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।



## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान चलाया। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, दानीटोला के छात्र–छात्राओं द्वारा

- रैली, पोस्टर और नुक्कड़ नाटक से दिया स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

हेपेटाइटिस रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने हाथों में पोस्टर, बैनर एवं जागरूकता संदेश लेकर लोगों को हेपेटाइटिस से बचाव के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान हेपेटाइटिस से बचाव, स्वस्थ जीवन का आधार जागरूक बनें, हेपेटाइटिस को हराएं एवं स्वच्छता अपनाएं, संक्रमण से बचें जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकारों तथा इसके संक्रमण के प्रमुख कारणों की जानकारी दी। साथ ही सुरक्षित रक्त एवं रक्त उत्पादों का उपयोग, संक्रमित सुई या सिरिंज से बचाव, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा हेपेटाइटिस–बी से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व के बारे में लोगों को बताया गया।

छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं अन्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि समय पर जांच एवं उचित उपचार से हेपेटाइटिस के गंभीर प्रभावों को कम किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने लोगों से किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने तथा चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार लेने की सलाह की।

दोनों संस्थानों के मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग प्राचार्य डॉक्टर सिजो कोसी एवं भारत इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग प्राचार्य प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह एवं शिक्षकगण ने कहा कि हेपेटाइटिस एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण एवं उचित उपचार के माध्यम से इससे बचाव और नियंत्रण संभव है। उन्होंने कहा कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में नर्सिंग विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और ऐसे अभियान लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के प्राचार्य ▶▶| शेष पेज 12 पर



**नपं अध्यक्ष की शिकायत पर टीम ने किया जायजा, गड्ढे भरकर सड़कें आवागमन योग्य बनाने के निर्देश**

# अमृत मिशनः खोदी गई सड़कों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, जल्द मरम्मत के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार के लिए खोदी गई सड़कों एवं मार्गों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दिनेश नेताम, एई पाण्डेय, नगर पंचायत सीएमओ कोमल ठाकुर, अमृत मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन उपस्थित थे।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा पूर्व में अमृत मिशन के कार्यों के दौरान खोदी गई सड़कों के समतलीकरण एवं मरम्मत को लेकर शिकायत की गई थी। साथ ही नगरवासियों से भी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि जगह–जगह खोदे गए गड्ढों एवं खराब मार्गों के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है तथा दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है। गौरतलब है कि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव को पत्र लिखकर अमृत मिशन 2.0 के कार्यों में धीमी प्रगति, आवश्यक मानव संसाधन की कमी तथा सड़कों के सुधार में हो रही देरी की ओर ध्याति कराया था। पत्र में पाइपलाइन कार्य के बाद सड़कों के समतलीकरण, हाइड्रोटेस्टिंग एवं रोड रेस्टोरेशन सहित विभिन्न कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की गई थी। इन्हीं शिकायतों के निराकरण के लिए आज संबंधित अधिकारियों एवं अमृत मिशन की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शीतला तालाब से लेकर हटरी तक तथा वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 सहित अन्य वार्डों में पाइपलाइन विस्तार के बाद खराब हुई सड़कों और मार्गों का जायजा लिया गया। जहां–जहां सड़क पर गड्ढे एवं असमतल स्थिति पाई गई, वहां गिट्टी डालकर सड़क का समतलीकरण करने तथा आवागमन योग्य बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को दिए गए।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन नगर पंचायत की प्राथमिकता है। अमृत मिशन 2.0 के कार्यों के कारण जिन सड़कों को नुकसान पहुंचा है, उनका आवश्यक सुधार कार्य तुरंत ही कराया जाए, ताकि लोगों को परेशानी न हो और दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके।



## विधायक की पहलः अंतागढ़-रायपुर पैसेंजर ट्रेन में बढ़े 4 अतिरिक्त कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा अंतागढ़ से रायपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं महिलाओं को हो रही असुविधा तथा गुण्डरदेही रेलवे स्टेशन पर

- गुण्डरदेही स्टेशन पर यात्रियों से शालीन व्यवहार के निर्देश, रेलवे ने शिकायत पर की कार्रवाई

यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत रेलवे प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाई गई थी।

विधायक के पत्र पर कार्रवाई करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल ने शिकायत की जांच कर आवश्यक कदम उठाए हैं। रेलवे प्रशासन ने बताया कि ट्रेन क्रमांक 78816 में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कोचों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 कर दी गई है, जिससे यात्रियों को



अधिक सुविधा और राहत मिलेगी। साथ ही गुण्डरदेही स्टेशन के कर्मचारियों को यात्रियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शालीन व्यवहार करने तथा यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

बतादे कि विधायक कुंवर सिंह निषाद ने अंतागढ़ से रायपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में बुजुर्ग, दिव्यांग एवं महिलाओं को हो रही अव्यवस्था तथा गुण्डरदेही रेलवे स्टेशन में अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों व यात्रियो के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के संबंध मे शिकायत की थी।

# नाली निर्माण में अनियमितता पर मेयर ने कहा- वॉटर फ्लो टेस्ट के बाद ही बनेगा देयक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में बन रही नालियों का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितता और लापरवाही सामने आने पर महापौर ने फ्लो टेस्ट के बाद ही भुगतान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने वार्ड 23 दीपक नगर, मालवीय नगर तथा वार्ड 16 सिकोला भाठा क्षेत्र में निर्माणाधीन नाली की जानकारी ली।

गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं जल निकासी व्यवस्था का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी नाली निर्माण स्वीकृत डीपीआर, स्वीकृत ड्राइंग एवं निर्धारित तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने कहा कि नालियों में निर्धारित डिज़ाइन के अनुसार पर्याप्त एवं समान ढाल सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा एवं अपशिष्ट जल का निर्बाध प्रवाह बना रहे और कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। कार्य प्रारंभ करने से पहले प्रारंभिक एवं अंतिम लेवल का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। निर्माण में उपयोग होने वाली सीमेंट, गिट्टी, रेत सहित सभी सामग्री निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप हो तथा नाली के जॉइंट्स, फिनिशिंग एवं सतह को मजबूत एवं समतल बनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सड़क, पेयजल पाइपलाइन, विद्युत पोल एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे तथा निकलने वाले मलबे का नियमित निष्पादन कर आवागमन सुचारु बनाए रखा जाए। लेकिन गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद नाली में पानी प्रवाहित कर वॉटर फ्लो टेस्ट कराया जाएं।

## महापौर ने बन रही नालियों का किया निरीक्षण, डीपीआर के अनुरूप निर्माण, बेहतर ढाल पर दिया जोर

### नियमित निगरानी के साथ प्राथमिकता के साथ कराया जाए काम

महापौर ने कहा कि परीक्षण में ढाल एवं जल निकासी संतोषजनक पाए जाने के बाद ही संबंधित कार्य का देयक तैयार किया जाए। सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ काम हो। नाली निर्माण कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य वर्षों तक सुचारु जल निकासी सुनिश्चित करना है। गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाएगी। लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सभी निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों को तकनीकी मानकों का पूर्ण पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य निलेश अग्रवाल, पार्षद मनोज सोनी, उप अभियंता पंकज साहू, सिद्धार्थ साहू, उप अभियंता अपर्णा मिश्रा



### वार्ड 40 में नाली का घटिया निर्माण

शहर के वार्ड 40 सुराना कॉलेज वार्ड में बाबा आटा चक्की वाली लाइन में नाली का निर्माण घटिया किए जाने को लेकर लोगों ने शिकायत की। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है। निर्माण के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण क्षेत्रवासियों को पिछले 15 दिनों से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि निगम प्रशासन कुंभकर्णीय नींद में सोई हुई है। कोई अधिकारी वहां देखने नहीं गया गुणवत्ताहीन नाली निर्माण की जा रही है। वहीं पास में रहने वाली एक महिला का पैर फैक्चर हो गया है, उन्हें बहुत तकलीफ हो रही है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व पार्षद अलताफ अहमद, साहिल शर्मा, शानू सिन्हा, पाशी अली सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### आरसीएस में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कारगिल क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में भारतीय सेना ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे से कई महत्वपूर्ण चोटियों को मुक्त कराया। इस सैन्य अभियान को ऑपरेशन विजय के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय सेना के पूर्व कर्नल एवं कारगिल युद्ध में शामिल हुए कर्नल ई. जे. जयकनणन, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा और प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा उपस्थित हुए।

### लिनेस क्लब ने कॉलेज को दिया वाटर कूलर

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में लिनेस क्लब भिलाई द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने लिनेस क्लब भिलाई की अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की। उल्लेखनीय है कि कन्या महाविद्यालय दुर्ग जिले की एक मात्र शास. कन्या महाविद्यालय है जहॉं लगभग 3500 छात्राएं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अध्ययनरत है, इस अवसर पर लिनेस क्लब भिलाई की अध्यक्ष रेवेका बेदी, विभा भूटानी, दिनेश नालोडे जनभागीदारी सदस्य, डॉ. केएल राठी, डॉ. रेशमा लाकेश एवं छात्राएं और प्राध्यापक उपस्थित रहें।

## गैरेज रोड पर हुआ आवागमन मुश्किल

# टाउनशिप की जर्जर सड़कों पर बढ़ा जोखिम जगह जगह गड्ढों में भरा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लंबे समय से मरम्मत मांग रहीं टाउनशिप की कई सड़कें बरसात का मौसम शुरु होते ही आवागमन को अधिक मुश्किल करने के साथ दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही हैं। अत्यधिक व्यस्त सड़क गैराज रोड सहित सेक्टर 1, सेक्टर 3 और सेक्टर 2 रोड इतनी खस्ताहाल हो गई कि गड्ठों में सड़क है कि सड़क पर गड्ढे वाहनचालकों को समझ ही नहीं आता है। इस मामले में बीएसपी का नगर सेवाएं विभाग उदासीन बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने जल्द सभी जर्जर सड़कों को मरम्मत किये जाने की मांग की है।

टाउनशिप की कुछ प्रमुख और सहायक सड़कों के बदहाल होने का खामियाजा वाहनचालकों को भुगतना पड़ रहा है। लंबे समय से संधारण की मांग के बाद भी अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश के शुरु होते ही जर्जर सड़कों पर वाहनचालकों के लिए जोखिम बढ़ता जा रहा है। इस प्रमुख सड़कों पर डामर उखड़ने से जगह जगह इतने अधिक गड्ढे हैं आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर जाने से चालके दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। सबसे ज्यादा खस्ताहाल 32 बंगला फ्लाईओवर से सेक्टर 1 बचत स्तंभ चौक जाने वाले गैराज रोड यानी रेलवे एवेन्यू की है। इस रोड पर 15 घंटे तक ट्रैफिक होता है। पिछले कई साल से स्नेह संपदा स्कूल से सेक्टर 1 तक सड़क पर कई बड़े व गहरे गड्ठे होने से वाहनचालकों को वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। बारिश होने पर बीएसपी पंप हाउस से एचएससीएल कालोनी तक आधी सड़क डूब जाती है। वहीं गड्ठों के साथ भिलाई नगर स्टेशन के पास खटालों की गंदगी सड़क पर बहते रहती है।

## गड्ढों में पानी भर जाने से चालक हो रहे दुर्घटना के शिकार



सेक्टर-3 की सड़क।



सेक्टर-2 की सड़क।



सेक्टर-6 की सड़क।



सेक्टर-1 की सड़क।

### सेक्टर 1 सड़क खस्ताहाल

सेक्टर 1 पानी टंकी निर्माण हेतु पाइप लाइन बिछाने के लिए सेक्टर 1 सड़क 5 के किनारे गड्ढे किए गए थे। गड्ढठे को अब तक न तो पाटा गया है और न ही सड़क का ही डामरीकरण किया गया है। मलबे को सड़क के किनारे छोड़ दिया गया। इस कारण लोगों के सड़क के किनारे से आवाजाही करना पड़ रहा है। बारिश में यह सड़क लोगों की परेशानी के साथ दुर्घटना का दावत दे रही है।

### गड्ठों से भरी सेक्टर 2 रोड

सेक्टर 2 सड़क भी कई स्थानों पर डामर छोड़ देने से गड्ढों में पानी भरा हुआ है। परशुराम भवन के सामने और इसके आगे बड़े और गहरे गड्ढे हो गए हैं। सेक्टर एक व सेक्टर 6 जाने के लिए इस रोड पर सदैव ट्रैफिक होता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी अब तक गड्ढठों को भरा नहीं गया है। इससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### दुर्घटनाओं को दावत देती से. 3 सड़क

सेक्टर 1 मुर्गा चौक से सेक्टर 3 होते हुए बोरिया गेट तिराहे तक जाने वाली भट्ठी थाना सर्विस रोड पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। भारी वाहनों के आवाजाही से सड़क पर बडे और गहरे गड्ढे हो गए हैं। इसके चलते पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। गड्ठों में पानी भर जाने से सबसे ज्यादा दोपहिया चालकों को परेशानी हो रही है। वाहनचालकों को फ्लाईओवर के किनारे से घूमकर जाना पड़ रहा है। जर्जर सड़क से सबसे ज्यादा परेशानी सेक्टर 3 में रहने वाले पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों को आवाजाही में हो रही है।



## सेजस विद्यालय दुधली में शाला प्रबंधन समिति का गठन, भूपेंद्र धनकर बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭डौंडीलोहारा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम (सेजस) विद्यालय दुधली में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन के लिए पालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से भूपेंद्र धनकर को समिति का अध्यक्ष तथा रेखा ठाकुर को उपाध्यक्ष चुना गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य दुर्गेश नंदनी यादव ने की। बैठक में नवगठित समिति के सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भूपेंद्र धनकर ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों के अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए पालकों और विद्यालय के बीच निरंतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। साथ ही विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए शासन स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। प्राचार्य दुर्गेश नंदनी यादव ने शाला प्रबंधन समिति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पालकों से विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पालक-शिक्षक बैठकों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित होने से विद्यार्थियों के शैक्षणिक और नैतिक विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, पूर्व विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ।

## सरपंचों ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला सरपंच संघ के बैनरतले जिले के सरपंचों ने कलेक्टोरे पहुंचकर प्रदर्शन किया। दुर्ग, धमधा और पाटन सरपंचों ने इस दौरान प्रशासन को 17 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर 30 दिनों के भीतर विचार नहीं किया जाता, तो उन्हें अनशन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। संघ के अध्यक्ष विनय चंद्राकर ने कहा कि प्रशासनिक और वित्तीय बाधाओं के कारण ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ग्राम पंचायतों को अधिक अधिकार और वित्तीय स्वतंत्रता दी जाए। 50 लाख रुपये तक के विकास कार्य सीधे पंचायतों से कराए जाएं और ठेकेदारी व्यवस्था समाप्त की जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और कार्यों में तेजी आ सके।

## पेज 11 का शेष

### एनएएफआईएस ...

को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाया जा सके। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएसपी राजेश बागड़े सहित जिले के समस्त थानों एवं रक्षित केंद्र के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व हेपेटाइटिस ....

शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक रहने, संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाने तथा स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग देने का संदेश दिया।

## एनुका शार्वां से प्रेरित होकर खुशी और मौली ने किया केशदान

हरिभूमि न्यूज ⏭डौंडीलोहारा

कैंसर पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एनुका शार्वां से प्रेरित होकर खुशी साहू एवं मौली साहू ने अपने बाल कैंसर मरीजों के लिए विग बनाने वाली संस्था हेयर क्राउन, तमिलनाडु को दान किए। इन बालों को कोरियर के माध्यम से संस्था तक भेजा जाता है, जहां जरूरतमंद कैंसर मरीजों के लिए विग तैयार कर निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। केशदान करने वाली दोनों छात्राओं ने बताया कि एनुका शार्वां उनकी मौसी हैं और उनके



सामाजिक कार्यों से वे लंबे समय से प्रेरित रही हैं। कैंसर जागरूकता अभियान, मोहल्ला बैठकों, साइकिल रैली, मितानिनों के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम तथा कैंसर पीड़ितों के लिए केशदान जैसी पहल को देखकर उनके मन में भी इस अभियान से जुड़ने की इच्छा हुई। एनुका शार्वां ने बताया कि कैंसर को लेकर समाज में फैले डर और भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अब तक वे लगभग 50 से अधिक महिलाओं की काउंसिलिंग कर चुकी हैं। महिलाओं को समय-समय पर मार्गदर्शन देने के साथ ही विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे जिला रेडक्रॉस प्रबंधन समिति की सक्रिय सदस्य हैं। रेडक्रॉस के सहयोग से छात्र-छात्राओं के प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## बिजली कर्मचारियों ने जाना दुर्घटना से बचने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- तकनीकी कर्मचारियों के लिए विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत धमधा उपसंभाग और वितरण केंद्र के मैदानी अमलों में कार्यरत विद्युत कर्मियों हेतु धमधा वितरण केंद्र में निरीक्षण के साथ ही एकदिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस मनोज द्वारा तकनीकी और ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करने व लाइन



मेन्टेनेंस के विषय में जानकारी दी गई।

मनोज ने कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतों को समझकर और पालन करके ही विद्युतीय दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। ज्यादातर हादसे छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर सतर्कतापूर्वक बिजली का कार्य किया जाना चाहिये। उन्होंने मैदानी अमलों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत कनेक्शनों में सही अर्थिंग बहुत महत्वपूर्ण है, ये बात सभी उपभोक्ताओं को बताएं और स्वयं भी इसकी जांच करें। कार्यपालन अभियंता टीएल सहारे और अनसुईया ठाकुर ने मैदानी कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज राड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करें और खराब होने पर तत्काल बदलें। अधिकारियों द्वारा सुरक्षा उपकरण जैसे डिस्चार्ज राड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्तानों आदि के सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कर्मचारियों के द्वारा किस प्रकार उपकरणों का उपयोग करना है इनको प्रायोगिक तौर से दिखाया गया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता धमधा एके धनकर, कनिष्ठ अभियंता धमधा राहुल गोपलानी सहित धमधा उपसंभाग और वितरण केंद्र के समस्त तकनीकी कर्मचारी उपस्थित हुए।

## गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान पर भाजपा की कार्यशाला

# गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करना उनका सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उत्तर रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही व्यक्ति को ज्ञान, संस्कार और जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है।

उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद पहली बार संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर इतने व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रारंभ किया गया श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान





संत रविदास महाराज के समरसता, समानता, सेवा और मानवता के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। श्री मिश्रा ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के गुरु हैं। भारतीय जनता पार्टी देश के संतों, ऋषियों और महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। हमारी विचारधारा में कोई व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी समान हैं और सभी का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है। मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ संतों, ऋषियों और तपस्वियों की पावन तपोभूमि है। यहां की संस्कृति सेवा, समरसता और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 संत गुरु रविदास महाराज जयंती तक जिले के सभी मंडलों और बूथों में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संगोष्ठियां, सामाजिक समरसता संवाद, सेवा कार्य, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में त्रिलोचन सिंह, गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ला, चन्ना केशवलू, मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, विनोद सिंह, रश्मि सिंह, भारती साहू, मनोज तिवारी, पारस जंघेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तिरंगा यात्रा पर दिया मार्गदर्शन

साजा विधायक ईश्वर साहू ने हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। भिलाई जिला प्रभारी रामजी भारती ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का जीवन समरसता, समानता, सेवा और मानवता का जीवंत संदेश है। उनके विचार समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता एवं भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## विधि मंत्री को वकीलों की समस्याओं से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विधि विधायिका मंत्री गजेंद्र यादव से जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान नव नियुक्त प्रभारी लोक अभियोजक द्रोण ताम्रकार, शासकीय अभिभाषक सूरज शर्मा, संजय सिंह, अरविंद चंदेल, राकेश कुमार यादव, रमेश साहू, भावेश कटारे, लक्ष्मी साहू एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष साकेत मिश्रा, पुरुषोत्तम सोनारे मौजूद थे। संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने संघ की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का भरोसा दिलाया।

## खबर संक्षेप

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में भारती तारम का चयन



**डौंडीलोहारा।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोड़ा की छात्रा कु. भारती तारम का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, डौंडी में कक्षा 11वीं में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। भारती तारम की सफलता को विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोड़ा के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि वे आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। भारती तारम जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम एवं डेमीन तारम की सुपुत्री हैं। उनकी सफलता पर माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची, भैया, बुआ-फूफा सहित समस्त ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पीएमश्री स्कूलों में स्पेशल एजुकेटर के 6 पदों पर भर्ती 10 अगस्त तक आवेदन

**बालोद।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र के परिपालन में सत्र 2026–27 के अनुसार बालोद जिले की कुल 05 पीएमश्री शालाओं में स्पेशल एजुकेटर के रिक्त पदों पर सेवाएं लेने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि इसके तहत प्राथमिक स्तर के 05 पद और माध्यमिक स्तर के 01 पद सहित कुल 06 स्पेशल एजुकेटर के पदों पर 10 माह हेतु अस्थायी नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 10 अगस्त 2026 तक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक भर्ती, पात्रता की शर्तें एवं आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं संबंधी विस्तृत जानकारी एनआईसी बालोद की वेबसाइट पर लॉगिन कर प्राप्त की जा सकती है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलेगा परिणामोन्मुखी कोचिंग

**बालोद।** जिला प्रशासन जिला बालोद द्वारा जिले के अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, एसएससी तथा अन्य समकक्षी भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए परिणामोन्मुखी अध्यापन सह कोचिंग उपलब्ध किया जाना प्रस्तावित है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इसके लिए राज्य में संचालित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों से 'रुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित की गई है। इच्छुक संस्थाएं ऑनलाइन ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि ई–निविदा की प्रारंभ तिथि 10 जुलाई है तथा निविदा की अंतिम तिथि 11 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके पश्चात ऑनलाइन जमा की गई निविदा प्रपत्र की कीमत एवं अमानत राशि की छायाप्रति तथा सत्यनिष्ठा की मूल प्रति स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड या कूरियर के माध्यम से इस कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 14 अगस्त को शाम 05 बजे तक है। निविदा खोलने की तिथि 18 अगस्त तथा प्री–बीड़ की तिथि 04 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी तथा नियमावली ऑनलाइन पोर्टल एवं कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बालोद में अवलोकन की जा सकती है।

### कड़ी बाजी के बाद 8 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन

**भिलाई।** आल इंडिया चेस फेडरेशन के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा जैन भवन सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट सब जूनियर फ़ीडे रेटेड चेस चैंपियनशिप संपन्न हुई। जिसमें बालिका वर्ग में द्वितीय इशिका मड़के, तृतीय परिधि लिलहारे, चतुर्थ कासवी जैन दुर्ग से विजेता बनी।

## कार्रवाई : घर-घर पहुंचकर पर्यावरण बचाने का संदेश

# दल्लीराजहरा में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई, 23 दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए नगरभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान घर-घर जाकर नागरिकों एवं व्यापारियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा कपड़े, जूट, स्टील, कांच और अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की गई। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 दुकानदारों पर कुल 2,300 का चालान कर यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग और बिक्री को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर पालिका द्वारा यह अभियान सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी पालन के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान का संचालन नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी के नेतृत्व में किया गया। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण प्रत्येक नागरिक का अधिकार है तथा इसे सुरक्षित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

नगर पालिका की टीम ने विभिन्न बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग एवं बिक्री पाए जाने पर 23 दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान नागरिकों से पॉलीथिन और अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग पूरी तरह बंद करने तथा दैनिक जीवन में कपड़े और जूट के थैले, स्टील या कांच की बोतलों सहित पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने का आग्रह किया गया। नगर पालिका का कहना है कि जनभागीदारी के बिना प्लास्टिक मुक्त शहर का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

तोरण लाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि /"दल्लीराजहरा को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर्यावरण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। नागरिक और व्यापारी स्वेच्छा से नियमों का पालन करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

सीमा बक्शी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा जागरूकता और कार्रवाई दोनों साथ-साथ चल रही हैं। हमारा उद्देश्य किसी को दंडित करना नहीं, बल्कि लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। लगातार निरीक्षण किए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

रामगोपाल चंद्राकर, नोडल अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान लोगों ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को गंभीरता से सुना और पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने का भरोसा दिया। आने वाले समय में भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

स्थानीय व्यापारी उपेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि नगर पालिका के अभियान से हमें प्रतिबंधित प्लास्टिक के नियमों की विस्तृत जानकारी मिली है। यदि ग्राहकों का भी सहयोग मिलेगा तो कपड़े और जूट के थैलों जैसे वैकल्पिक साधनों को अपनाना आसान होगा।

स्थानीय नागरिक आकाश कुमार कहते हैं कि प्लास्टिक प्रदूषण आज बड़ी चुनौती बन चुका है। नगर पालिका का यह अभियान समय की आवश्यकता है। यदि हर नागरिक अपनी छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाए तो दल्लीराजहरा को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सकता है।

अभियान में नोडल अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, दल प्रभारी बुद्धिमान सिंह, जिला समन्वयक विक्रांत कुमार साहू, कर्मचारी धरमू बक्शी, अनंत साहू, चिरंजीव साहू, मोहम्मद अकबर सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।



# वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- विशेषज्ञ ने बताए सफलता के सूत्र

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय, डौंडीलोहारा में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसरों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट पूजा जैन ने विद्यार्थियों को वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार विकल्पों, चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की प्रक्रिया, बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी तथा भविष्य की संभावनाओं के संबंध में उपयोगी एवं व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन एवं अनुशासित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डी.आर. देवहारे तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास आवश्यक है। इस अवसर पर विषय शिक्षक पी.के. कंवर, एम.डी. साहू, जी.एस. आर्य, शशांक सोनकर, अभिषेक कुमार एवं अविनाश साहू सहित कक्षा 11वीं एवं 12वीं के वाणिज्य संकाय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में सेजेस डौंडीलोहारा के दो विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय (सेजेस) डौंडीलोहारा के लिए गर्व का विषय है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों साक्षी अमांदिया एवं काव्य देवांगन का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की लगन, कठिन परिश्रम तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

परीक्षा की तैयारी के दौरान विद्यार्थियों को विषयवार विशेष अभ्यास, मॉडल प्रश्न-पत्रों का अभ्यास, नियमित परीक्षण एवं आवश्यक शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षक सितेश सर (विज्ञान), अरुण सर (गणित एवं सामाजिक विज्ञान) तथा पटेल सर (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं रीजनिंग) के समर्पित प्रयासों एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन की सराहना की।विद्यालय के प्राचार्य दिलीप देवहरे, मिडिल स्कूल की प्रधान पाठक विभा चंद्राकर, प्राथमिक विभाग के प्रधान पाठक अभिषेक शुक्ला सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी विद्यालय, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# पीएमश्री स्कूल में बच्चों को पॉक्सो, साइबर सुरक्षा और बाल अधिकारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के आदेशानुसार तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में 25 जुलाई को पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुंडरदेही में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गुड टच–बैड टच, साइबर क्राइम तथा बाल अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार के शोषण या संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से बच्चों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य कोल्हारे, समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक वेद प्रकाश साहू, केस वर्कर कैलाश निषाद सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

### 31 तक कराएं खरीफ फसलों का बीमा, प्राकृतिक आपदा में मिलेगा आर्थिक सुरक्षा

**डोंडी।** विकासखंड डोंडी के वरिष्ठ कृषि अधिकारी पी.के. यदु ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2026) के तहत अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार का बीमा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। योजना के तहत धान (सिंचित एवं असिंचित), कोदो तथा उड़द फसल शामिल हैं। प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, अल्पवृष्टि, अतिवृष्टि, बाढ़, ओलावृष्टि, चक्रवात, आकाशीय बिजली एवं अन्य अधिसूचित जोखिमों से फसल क्षति होने पर किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। किसानों को बीमित राशि का केवल दो प्रतिशत प्रीमियम देना होगा, जबकि शेष राशि केंद्र और राज्य सरकार वहन करेगी। बीमा के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि संबंधी दस्तावेज, बोनी का विवरण या स्वघोषणा पत्र तथा मोबाइल नंबर आवश्यक हैं। किसान अपने निकटतम बैंक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लोक सेवा केंद्र अथवा अधिकृत माध्यम से बीमा करा सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अंतिम दिनों की भीड़ से बचते हुए समय रहते बीमा कराने तथा किसी भी प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति होने पर 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी को सूचना देने की अपील की है।

# कबीर आश्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पौधारोपण के साथ किचन शेड का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

- पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, आश्रम के मुख्य द्वार व बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 3 लाख की घोषणा

राज्य शासन एवं केंद्र सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत ग्राम परसदा स्थित कबीर आश्रम में पौधारोपण कार्यक्रम एवं किचन शेड निर्माण का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर ने कहा कि आने वाले समय में ऑक्सीजन जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता होगी। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही भारत को हरित और पर्यावरण समृद्ध बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू की अनुशंसा पर जनपद पंचायत सभापति गुलशन साहू ने कबीर आश्रम के मुख्य द्वार निर्माण के लिए 1 लाख तथा जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी ने बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 2 लाख की घोषणा की।

समारोह में समाजसेवी नीलम दास साहू, सरपंच सत्यवती साहू, दुष्यंत हिरवानी, बंशीलाल साहू, केवल सिंह साहू, पूर्व सरपंच यशवंत साहू, उपसरपंच हिलेश्वर साहू, राहुल शर्मा, देवकुमार साहू, अजय साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में कबीर आश्रम के महंत श्री पंचमदास साहेब ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया।

### युवा जागृति विकास समिति ने मुक्तिधाम और खेल मैदान में लगाए पौधे



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम गैजी में युवा जागृति विकास समिति के सदस्यों ने ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध कराए गए छायादार एवं फलदार पौधों का मुक्तिधाम एवं खेल मैदान परिसर में पौधारोपण किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों को हराभरा एवं स्वच्छ बनाए रखना था।समिति के सदस्यों ने आम, अमरूद, नीम, अशोक, गुलमोहर एवं करंज के पौधे रोपे। उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों एवं बाहर से आने वाले लोगों को धूप और गर्मी के कारण काफी असुविधा होती है। भविष्य में पर्याप्त छाया उपलब्ध हो सके, इसी उद्देश्य से मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान सभी पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए युवाओं ने उनी, तार एवं कपड़े से घेरकर सुरक्षित किया तथा उनके नियमित संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में युवा जागृति विकास समिति के अध्यक्ष भूपेश कुमार भुआर्य, उपाध्यक्ष विनय कुमार देशमुख, सचिव दिपेश कुमार आलेन्द्र, कोषाध्यक्ष भास्कर देशमुख, विशेष सलाहकार पेमेंद्र कुमार धनेन्द्र, सरपंच जनकलाल खांडे, उपसरपंच, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



## डौंडी के स्कूलों में पहुंचीं एनसीईआरटी की किताबें विद्यार्थियों को मिली राहत

**कुसुमकसा।** डौंडी विकासखंड के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं की एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की कमी दूर हो गई है। जिला पंचायत सदस्य एवं शिक्षा समिति की सदस्य नीलिमा श्याम की पहल के बाद शिक्षा विभाग ने सभी आवश्यक किताबें विद्यालयों तक पहुंचा दी हैं। विद्यालय निरीक्षण के दौरान नीलिमा श्याम ने पाया था कि कई स्कूलों में विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं थीं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। उन्होंने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को शिकायत कर जल्द पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की।

शिक्षा विभाग की त्वरित कार्रवाई के बाद अब डौंडी विकासखंड के सभी शासकीय विद्यालयों में आवश्यक पाठ्यपुस्तकें पहुंच चुकी हैं। इससे विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई सुचारु रूप से शुरू हो सकेगी। नीलिमा श्याम ने शिक्षा विभाग का आभार जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी शिक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाएगा ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## वन महोत्सव में 31 पौधों का रोपण, पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प

**डोडी।** वन महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को डौंडी वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो सहित जनप्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने रुद्राक्ष, पारिजात, चंदन, गरुड़मोल, श्रीफल, कटहल, आम और बरगद सहित 31 पौधों का रोपण किया। मुख्य अतिथि मुकेश कौड़ो ने आम लोगों से सरकार के पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष मनीष झा ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके पेड़ बनने तक संरक्षण करना भी सभी की जिम्मेदारी है। जनपद पंचायत डौंडी के सीईओ डी.डी. मंडले ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पिछले वर्ष लगाए गए पौधों में से लगभग 63 प्रतिशत पौधे आज भी जीवित हैं। उन्होंने कहा कि नियमित देखभाल से इन्हें विकसित वन के रूप में तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश निरोटी, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहनतीन चोरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, पार्षद यदुनंदन देवहारी, अमेरिका ठाकुर, जनपद सदस्य तुलेश्वर हीचामी, रत्ना हिरवानी, झमित बाई, रेंजर जीवनलाल भांडेकर, डिप्टी रेंजर डामन लाल ठाकुर, राधेश्याम नायक, नारद राम साहू सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गजेंद्र रावटे ने किया।

आयोजन

### गुरु रविदास जयंती, हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला में 300 कार्यकर्ता शामिल

# भाजपा का सामाजिक समरसता संकल्प अभियान आज से, सात माह तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर देशव्यापी सामाजिक समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से किया जाएगा। यह अभियान 27 फरवरी 2027 तक लगातार सात माह तक देशभर में संचालित होगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर "हर घर तिरंगा" एवं "तिरंगा यात्र" अभियान के माध्यम से भी आमजन को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता के भाव से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय, जुंगेरा बालोद में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से लगभग 300 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला प्रभारी संध्या परगनिया, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास महाराज का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानव सेवा का अद्भुत संदेश देता है। भारतीय जनता पार्टी उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सात माह तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि "विकास के साथ विरासत" को सशक्त बनाना भाजपा की प्राथमिकता है तथा भक्ति मार्ग ही राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। छत्तीसगढ़ की तपोभूमि से सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का







यह संदेश पूरे देश में पहुंचेगा। जिला प्रभारी संध्या परगनिया ने कहा कि सामाजिक समरसता अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का माध्यम बनेगा। भाजपा कार्यकर्ता संत रविदास के समतामूलक विचारों को घर–घर पहुंचाकर समाज में भाईचारा, समानता और सौहार्द को सुदृढ़ करेंगे।

जिला अध्यक्ष चमन देशमुख ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्र अभियान पूरे उत्साह, जोश और जनभागीदारी के साथ आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इन अभियानों से जोड़े।

कार्यशाला में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास महाराज की 650वीं जयंती, सामाजिक समरसता संकल्प अभियान, हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्र अभियान को मंडल एवं बूथ स्तर तक व्यापक जनसहभागिता के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया। इस जिला स्तरीय कार्यशाला कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला प्रभारी संध्या परगनिया, बिलासपुर संभाग प्रभारी अभिषेक शुक्ला, जिला अध्यक्ष चमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव एवं सौरभ लुनिया, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री शीतल नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित जिला, मंडल एवं मोर्चा–प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं जिलेभर से आए लगभग 300 कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुरुपूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में पांच कुंडीय महायज्ञ, शिक्षकों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री शक्ति पीठ बालोद द्वारा गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं बालोद ब्लॉक के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे से गायत्री महायज्ञ, हवन एवं विभिन्न संस्कार कार्यक्रमों के साथ होगा। इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे से शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें बालोद ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं दोपहर 1 बजे से सभी श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह संपूर्ण




कार्यक्रम गायत्री शक्ति पीठ, बालोद में आयोजित होगा। गायत्री परिवार ने बालोद ब्लॉक के सभी सम्मानित नागरिकों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरुपूर्णिमा महापर्व के इस पावन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### श्री विष्णु धाम मंदिर ओटेबंद में आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा गुरुपूर्णिमा महोत्सव



**अण्डा।** बालोद जिले के ग्राम ओटेबंद स्थित प्रसिद्ध श्री विष्णु धाम मंदिर में आज 29 जुलाई 2026, बुधवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न होगा, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।गुरुपूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन पर्व है। इसी अवसर पर श्री विष्णु धाम मंदिर में प्रातः 8:00 बजे से गुरुपूजन एवं मंत्रदीक्षा संस्कार का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु अपने गुरु का पूजन कर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इसके बाद दोपहर 11:30 बजे से महाप्रसादी (भंडारा) प्रारंभ होगा, जो श्रद्धालुओं के आगमन तक निरंतर चलता रहेगा। आयोजन समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि सभी भक्त सुचारु रूप से कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर सकें। मंदिर समिति ने सभी गुरु भक्तों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार गुरुपूर्णिमा महोत्सव में शामिल होकर गुरु कृपा का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# यज्ञदत्त शर्मा राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स व श्रम सहकारी संघ के संचालक मंडल में नामित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपा गया है। उन्हें राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड एवं राष्ट्रीय श्रम सहकारी संघ के

- किसानों, वनोपज संग्राहकों और श्रमिकों के हितों का राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व

संचालक मंडल में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है। इस नियुक्ति को सहकारिता क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव, सक्रिय कार्यशैली तथा उल्लेखनीय योगदान का सम्मान माना जा रहा है।

यज्ञदत्त शर्मा की इस नियुक्ति से न केवल बालोद जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के सहकारिता क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। सहकारिता से जुड़े पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि



उनके कुशल नेतृत्व, प्रशासनिक अनुभव एवं दूरदर्शी सोच का लाभ राष्ट्रीय स्तर पर सहकारी संस्थाओं को मिलेगा। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड एवं राष्ट्रीय श्रम सहकारी संघ के संचालक मंडल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए यज्ञदत्त शर्मा राज्य के किसानों, वनोपज संग्राहकों, श्रमिकों एवं सहकारी समितियों के हितों को प्रभावी ढंग से सामने रखेंगे। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में जैविक खेती, लघु वनोपज के संरक्षण एवं विपणन तथा सहकारी गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। शुभचिंतकों ने कहा कि यह नियुक्ति सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वास व्यक्त किया गया कि यज्ञदत्त शर्मा के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा, सशक्त दिशा और व्यापक जनकल्याण का मार्ग मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के सहकारी मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यज्ञदत्त शर्मा ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सभी वरिष्ठजनों एवं संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रदेश के सहकारिता क्षेत्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा किसानों, वनोपज संग्राहकों और श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं सहकारी संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

## गुरुपूर्णिमा पर भाजपा मनाएगी संत रविदास की 650वीं जयंती, पांच मंदिरों में होंगे विशेष कार्यक्रम

**गुरूर।** भाजपा मंडल गुरुर द्वारा संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज जी की 650 वी जयंती के अवसर मंडल गुरुर के चिन्हित्त 5 मंदिरों में आस–पास के ग्राम–नगर के जनता, भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारीगणो, जन प्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलन, पूजा–पाठ, सत्संग, सम्मान का कार्यक्रम 29 जुलाई को किया जाएगा। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश भाजपा के आह्वान एवं जिला भाजपा के मार्गदर्शन में, 29 जुलाई को गुरु पर्व के अवसर पर सभी धार्मिक गुरुओ के सम्मान के साथ संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज जी की 650 वी जयंती के अवसर मंडल गुरुर के चिन्हित्त 5 मंदिरों में आस–पास के ग्राम–नगर के जनता, भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारीगणो, जन प्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलन, पूजा–पाठ, सत्संग, सम्मान का कार्यक्रम करना है। चिन्हित ग्राम–मंदिर एवं प्रभारीगणों नारागांव माता सियादेही मंदिर, प्रभारी धर्मेंद्र साहू, रोमन ओटी, दर्रा प्रभारी लछुराम देशलहरा, आत्माराम साहू, छेड़िया प्रभारी लोकेंद्र हिरवानी, तेजराम साहू, भूलनडबरी माता दुर्गा मंदिर, प्रभारी अजय पारख, योगेश्वर साहू, कालभैरव मंदिर गुरुर, प्रभारी हरिओम श्याम, यादराम साहू आप सभी प्रभारीगण अपने–अपने क्षेत्र एवं आस–पास की जनता, भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारीगणों, जन प्रतिनिधियों को व्यक्तिगत कॉल, मैसेज के माध्यम से आमंत्रित करके कार्यक्रम को सम्पन्न कराये। कार्यक्रम से संबंधित तैयारियां के तहत मंदिर के पुजारी, समिति से बात कर समय निर्धारित करने व मंदिरों में दीप प्रज्वलन हेतु आवश्यक दीप, बाती, तेल आदि की व्यवस्था तथा पार्टी द्वारा 1 स्थान पर 650 दीपो का प्रज्वलित करने का आग्रह किया गया है।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर लोगों को संक्रमण से बचाव के प्रति किया जागरूक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बालोद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल.उइके की अध्यक्षता एवं सिविंल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.के.माली, डॉ. एम.एम.मूर्ति, जिला नोडल अधिकारी डॉ. कमलकांत हतगिंया, डॉ. कल्याण सिंह, अस्पताल सलाहकार के मार्गदर्शन में विश्व हेपेटाइटिस दिवस 28 जुलाई को मनाया गया। इस अवसर पर बताया गया कि वायरल हेपेटाइटिस एक संक्रामक बीमारी है जो वायरस के संक्रमण से होती है और यह पांच प्रकार की होती है ए, बी, सी, डी, और ई एवं पीलिया से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु दिशा निर्देश के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि हेपेटाइटिस ए और ई दूशित जल के माध्यम से फैलते हैं, जबकि बी, सी और डी का संक्रमण, संक्रामक रक्त और सुइयों से होता है। इससे बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, ताजा भोजन और शौचालय का इस्तेमाल, खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोना, बिमारी की स्थिति में तत्काल निकट के चिकित्सालय में उपचार कराना बेहद जरूरी है।

# डॉक्टर और दवाइयों के अभाव पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

### आयुर्वेद अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी के ग्रामीणों ने आयुर्वेद औषधालय में वर्षों से डॉक्टर की पदस्थापना नहीं होने और दवाइयों की नियमित आपूर्ति बंद रहने पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को जिला आयुर्वेद अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने शीघ्र चिकित्सक की नियुक्ति एवं दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि रेंगाडबरी स्थित आयुर्वेद औषधालय लंबे समय से केवल कम्पाउंडर के भरोसे संचालित हो रहा है। डॉक्टर के अभाव में रेंगाडबरी, अन्नुटोला, भीमाटोला, चिलमगोटा, नंगुटोला, पुनारकसा, खैरकट्टा सहित आसपास के गांवों के मरीजों को उपचार के लिए 22 से 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इससे विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं एवं जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पिछले छह माह से औषधालय में दवाइयों की आपूर्ति नहीं होने से मरीजों को आवश्यक उपचार नहीं मिल पा रहा है।

वनांचल क्षेत्र की बड़ी आबादी इस औषधालय पर निर्भर है, लेकिन डॉक्टर और दवाइयों की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि रेंगाडबरी आयुर्वेद औषधालय में शीघ्र आयुर्वेद चिकित्सक की पदस्थापना की जाए तथा दवाइयों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में फगुवा राम निषाद ग्राम पटेल, जयेश जैन, शंकर नायक, सोहन लाल सिन्हा, चन्द्रशेखर निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाबालिग वाहन चालकों पर शिकंजा

**भिलाई।** नाबालिग वाहन चालकों के कारण होने वाली सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के 37 नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों की बैठक भी ली गई। अभिभावकों को बताया गया कि नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना न केवल मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि इससे स्वयं बच्चे एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। नाबालिग वाहन संचालन से जुड़े कानूनी प्रावधानों, दंडात्मक कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं के संभावित परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### एसडीएम की अध्यक्षता में निकासी बैठक

# सामाजिक अंकेक्षण में 29 ग्राम पंचायतों के कार्यों की समीक्षा अनियमितताओं वाले मामलों की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकसीत भारत जीरामजी अंतर्गत संपादित कार्यो का नियमित रूप से सामाजिक अंकेक्षण एवं ग्राम सभा निराकरण किया जाता है। इसी क्रम जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत 77 ग्राम पंचायतो में सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा कार्यो, कार्य में उपयोगित मस्टर रोल, बिल व्हाउचर, 07 पंजी, केस फाइल एवं अन्य दस्तावेज एवं कार्य का भौतिक सत्यापन किया था।


- दस्तावेजों का सत्यापन कर कई आक्षेप निरस्त, शेष प्रकरणों की होगी जांच

जिसमें 29 ग्राम पंचायतों क्रमश धानापुरी, मुडगहन, नारागांव, चंदनबिरही, कुम्हारखान, धनेली, करेंझर, बालोदगहन, सोरर, हितेकसा, बोरतरा ,भिरई, बडभूम, हसदा, कन्हारपुरी, अर्जुनी, फागुन्दाह, सनौद, डांडेसरा, चिटौद, पोंड, गंगोरीपार, कपरमेटा , सांगली, कोचवाही, सोंहपुर, दरगहन, कनेरी, और सोनाईडोंगरी का निकासी बैठक जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में 28 जुलाई को रखा गया था। यह निकासी बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर आरके.



सोनकर की अध्यक्षता आयोजित की गयी थी। कार्य के दौरान पायी गई अनियमितता वाले ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक कार्य के आवश्यक दस्तावेज के साथ उक्त निकासी बैठक में उपस्थित होकर दस्तावेज का सत्यापन एवं सामाजिक अंकेक्षण दौरान पायी गई आक्षेप के बारे में अपना पक्ष और आवश्यक साक्ष्य अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, गुरूर के समक्ष प्रस्तुत किये। ग्राम पंचायत के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं दस्तावेजो का अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, गुरूर के द्वारा सुक्ष्मता से अवलोकन किया गया। जिस प्रकरण में कार्य दस्तावेज एवं साक्ष्य सत्य पाया गया, उन प्रकरणो को तत्काल प्रभाव से विलोपित किया। साथ जिन प्रकरणो आवश्यक दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत नही कर पाये उन सभी कार्य एजेंसी के लिए प्रकरण जांच के निर्देश दिया गया है।

बैठक में रेणुका सेन, सामाजिक अंकेक्षण जिला प्रदाता, जिला पंचायत बालोद, विकसीत भारत जीरामजी के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार देंवागन, संबंधित तकनीकी सहायक और सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411